खतरा


डिग्री, डिप्लोमा और रजिस्ट्रेशन नदारद फिर भी फल-फूल रहा इलाज का कारोबार, जीवन से खिलवाड़ रुके

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे फर्जी क्लिनिक

बेलखाडू नवभारत 7 अक्टूबर। कोई आठवीं,कोई दसवीं और कोई बारहवीं कक्षा तक शिक्षित और उपाधि डॉक्टर की ,दिन-रात मरीजों व रोगियों की दवाई, सिरिंज, बॉटल इंजेक्शन से इलाज धड़ल्ले से जारी है। किस दवाई के शरीर में प्रवेश करते ही क्या असर होगा ,कितनी उम्र पर कितना डोज़ होगा, एंटीबायोटिक्स और स्टेरायड का भविष्य में क्या दुष्परिणाम होंगे इससे इन गांव के डॉक्टर्स को कोई मतलब दिखाई नहीं देता है।

स्वास्थ्य विभाग नहीं करता जांच

स्थानीय बेलखाडू, सूरतलाई , बरोदा, बोरिया, सरोद, नुनसर, मुरई, निरंदपुर जैसे प्रमुख केंद्र स्थल वाले गांव के साथ ही आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों दवाखाना ऐसे हैं जिन



पर नाम, डिग्री, डिप्लोमा की कोई जानकारी नहीं लिखी गई और प्रतिदिन मरीजों को इंजेक्शन, बॉटल, दवाइयों से इलाज जारी है। पाटन, पनागर, कटंगी स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत इन क्षेत्रों में कभी इन दवाखानों में जांच अभियान नहीं चलाया जाता। इनकी गंभीरता से जांच हो तो सच्चाई उजागर हो जाएगी।

विशेषज्ञ चिकित्सकों की तरह देते हैं दवाएं

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की कमी एवं जानकारी के अभाव का फायदा इन अवैध क्लीनिक पर उक्त डॉक्टर और उनके आठवीं,दसवीं वाले कंपाउंडर उठा रहे हैं । राज्य सरकार और केंद्र सरकार द्वारा एमबीबीएस,एमडी स्तर के विशेषज्ञ डॉक्टर्स के लिए निर्धारित हाई एंटीबायोटिक्स दवाईयां, ड्रिप बॉटल, स्ट्राइड्स और उसमें डाले जाने वाले इंजेक्टेबल ड्रग का मखौल यहां उड़ाया जा रहा है। ये सभी प्रकार की दवाइयां, स्ट्राइड्स का उपयोग रोजमर्रा के इलाज में कर रहे हैं।

किराना दुकान से बिक रहीं दवाइयां

बेलखाडू सहित आस पास के गांव में कुछ दवाइयां किराना दुकान से बेची जा रहीं है। स्थानीय थोक किराना विक्रेता अन्य ग्रामों की किराना दुकानों एवं फुटकर कुछ प्रकार की गोलियां बेच रहे हैं। जिसका ऐसा सीधे ग्रामीण लोगो के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

अश्वनी हॉस्पिटल में हुई थी मौत

गलत इलाज और एक्सपायर बॉटल इंजेक्शन से खैरी के अश्वनी हॉस्पिटल में 19 वर्षीय नवयुवक शेखर चौधरी की मौत होने का आरोप उनके परिजनों ने लगाते हुए हंगामा किया था। जो कि सील की गई। पूर्व में स्वास्थ्य विभाग पनागर ने चार माह पूर्व यहां छापा मार कर जांच में अनेकों गड़बड़ियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया था। कार्यवाही नहीं करने पर हॉस्पिटल में यह घटना घटित हो गई। शेखर की मौत ने सभी को झकझोर दिया। ग्रामीण जन एक हॉस्पिटल का मामला ना मानकर सभी दवाखानों की गंभीर जांच की मांग कर रहे हैं।

जिला चिकित्सालय में पंजीयन नहीं

क्लीनिक का वैध दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रेशन के बाद ही संचालन का नियम है ,लेकिन कुछ को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में संभावित तौर पर रजिस्टर्ड क्लीनिक और चिकित्सक नहीं है। जो जांच का विषय है। बीएमओ पनागर श्रीपति मिश्रा से कॉल पर संपर्क किया गया, जिनसे इस विषय पर बात संभव नहीं हो सकी।



यशस्विनी में छात्राओं ने संभाली कमान

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आयोजन

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जबलपुर महानगर द्वारा युवती सम्मेलन 'यशस्विनी' का आयोजन किया गया। सम्मेलन की खासियत रही कि इसमें छात्राओं ने ही आयोजन से लेकर व्यवस्थाओं तक पूरी कमान संभाली। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद तीन बौद्धिक सत्रों में संस्कार, राष्ट्र सेवा, महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व और जीवन में अनुशासन जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत प्रचारिका वसुधा जी ने नारी शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया, जबकि अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने छात्राओं से हर क्षेत्र में नेतृत्व संभालकर स्वावलंबी बनने की अपील की। भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच रेना यादव ने खेल और जीवन में निरंतर परिश्रम व अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया। सम्मेलन के बाद मानस भवन से शोभायात्रा निकली, जो तीन पत्ती चौक होते हुए राजीव गांधी चौक पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। राजीव गांधी चौक पर भारत माता की महाआरती हुई और इसके बाद वंदे मातरम् के सामूहिक गान के साथ आयोजन का समापन हुआ। सम्मेलन में जबलपुर महानगर के विभिन्न महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों से हजारों छात्राओं ने सहभागिता की।

हाईकोर्ट बार ने स्व. रमन पटेल का किया स्मरण

स्मृति में जीवित रहता है व्यक्तित्व

नवभारत, जबलपुर। मनुष्य देह से विदा होता हैए पर कर्मों की ज्वाला में तपकर वह समय की सीमाओं से परे चला जाता है। अधिवक्ता स्व. रमन पटेल भी ऐसे ही व्यक्तित्व थे। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आदर्श मुनि सभागार में उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित स्मृति कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हाईकोर्ट एवं जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहे स्व. रमन पटेल को स्मरण करते हुए वक्ताओं ने कहा कि काल की गति मनुष्य को हमसे दूर ले जा सकती है, किंतु उसके व्यक्तित्व की अमिट रेखाएँ मिटा नहीं सकती। कुछ लोग मृत्यु के पार भी जीवित रहते हैं, अपनी स्मृतियों में, अपने संस्कारों में और उन हृदयों में, जिन्हें उन्होंने अपने स्नेह से छुआ होता है। कार्यक्रम में हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सीनियर बार काउंसिल के अध्यक्ष उमाकांत शर्मा, राज्य अधिवक्ता परिषद के सदस्य नवीन शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष डीके जैन तथा पूर्व सचिव पारितोष त्रिवेदी ने स्व. रमन पटेल के व्यक्तित्व और अधिवक्ता समुदाय के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सचिव असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष सत्येन्द्र ज्योतिषी, सह सचिव रुपेश पटेल, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, कार्यकारिणी सदस्य आशीष तिवारी, अर्नव तिवारी, वरूण दुबे, अतुल द्विवेदी महिला कार्यकारिणी सदस्य विभा पाठक, आरती शर्मा, शांति तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। आभार स्व. रमन पटेल के पुत्र और एसोसिएशन के सह सचिव रुपेश पटेल ने किया।

मुकुट पूजन के साथ रामलीला मंचन का हुआ शुभारंभ



नवभारत,जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा द्वारा आयोजित मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की मानव लीला के 60वें मंचन महोत्सव का शुभारंभ बुधवार रात संत अर्चना और मुकुट पूजन के साथ हुआ। जगद्गुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य महाराज ने मुकुट पूजन कर आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि देवज्ञ पंडित अरुण शर्मा व अजेत प्रताप सिंह सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद रहे। समिति के संचालक पंडित अशोक मनोध्याय, निर्देशक एवं अध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित सहित पदाधिकारियों ने संत अर्चना कर आशीर्वाद लिया। मुख्य अतिथि राकेश सिंह ने कहा कि रामलीला भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम है, जबकि स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज ने भगवान श्रीराम के जीवन को सत्य, मर्यादा, त्याग और कर्तव्य का संदेश बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी संतोष शुक्ला 'गुड्डू भैया' और नरेश पटेल का अभिनंदन भी किया गया। इसके बाद मंच पर 'नारद मोह' की मनोहारी लीला का मंचन हुआ, जिसे देखने बड़ी संख्या में रामभक्त पहुंचे। कलाकारों के प्रभावशाली अभिनय, संवाद और प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। समिति के सदस्यों ने अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। आयोजन में अशोक बघेल 'दादा भाई', डॉ. भूपेन्द्र उपाध्याय, राजेश नेमा, विनायक तिवारी, इंदुलता प्यासी, डॉ. नीना उपाध्याय, पूजा कोष्टा, प्रमोद तिवारी, नीरज दुबे, पंकज अवस्थी, मदन गोपाल पटेल, मुकेश मिश्रा, अजय तिवारी, दिनेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं रामभक्त मौजूद रहे।

यात्रियों के मोबाइल नकदी ले भागे चोर

नवभारत, कटनी। रेलवे स्टेशन के आउटर क्षेत्र में 28 सितंबर की आधी रात प्रयागराज से तमिलनाडु की ओर जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में चोरी की वारदात सामने आई। आरोप है कि ट्रेन के आउटर सिग्नल के पास धीमा होने के दौरान अज्ञात चोरों ने एक बोगी में यात्रियों के बैग, नकदी, मोबाइल और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद यात्रियों में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेन जैसे ही कटनी रेलवे स्टेशन के आउटर सिग्नल के पास धीमी हुई, अपराधियों ने ट्रेन में प्रवेश किया। आरोप है कि बोगी में सो रहे यात्रियों के सामान को निशाना बनाया गया। यात्रियों को चोरी का पता चलने तक आरोपी आउटर क्षेत्र से निकल चुके थे।

जमीनों की खरीदी-बिक्री में नियमों की अनदेखी

नवभारत, कटनी। जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े एक मामले में एक ही खसरा नंबर की जमीन की वर्ष 2013, 2019 और 2025 में अलग-अलग रजिस्ट्री किए जाने के आरोप लगाए गए हैं। मामले में आवेदक आरके मिश्रा ने थाने में लिखित शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में खरीदार-विक्रेता बदलकर एक ही जमीन की बार-बार रजिस्ट्री कराने का आरोप लगाया गया है। शिकायत के अनुसार जमीन को पहले एक व्यक्ति के नाम पंजीकृत विक्रय पत्र के जरिए बेचा गया और बाद में उसी जमीन को दूसरे दस्तावेज के जरिए दोबारा बेचने का आरोप है। शिकायत में वर्ष 2025 में भी विवादित जमीन की रजिस्ट्री किए जाने की बात कही गई है। शिकायत में आदिवासी भूमि की खरीद-बिक्री और हस्तांतरण में नियमों को दरकिनार करने के आरोप लगाए गए हैं। इसमें वर्ष 2025 में विवादित जमीन की दोबारा रजिस्ट्री का उल्लेख भी किया गया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि पूर्व में आदिवासियों की जमीनों की रजिस्ट्री कराने के लिए कथित रूप से गलत मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा कोटवारी भूमि से जुड़े दस्तावेजों में कथित गड़बड़ी और लोगों से लाखों रुपये लेने के आरोप भी लगाए गए हैं। मामले में राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाकर जमीन विवादों में दबाव बनाने के आरोप भी शिकायत में लगाए गए हैं।

फूटाताल में मत्स्य समिति के कार्यों का लिया जायजा



नवभारत, जबलपुर। संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग गिरीश मेश्राम ने फूटाताल तालाब का भ्रमण कर मछुआ मजदूर सहकारी समिति द्वारा किए जा रहे मत्स्य पालन एवं उत्पादन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों से तालाब में मत्स्य बीज संचयन, मछली उत्पादन, मत्स्य आहार, मछली पकड़ने और विक्रय व्यवस्था की जानकारी ली। श्री मेश्राम ने तालाब के जलक्षेत्र और उपलब्ध मत्स्य संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर समिति सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से मत्स्य पालन करने, तालाब की स्वच्छता व जल गुणवत्ता बनाए रखने तथा उत्पादन बढ़ाकर समिति सदस्यों की आय में वृद्धि करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

उन्होंने सहायक संचालक मत्स्योद्योग को विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र मछुआरों और समिति सदस्यों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मत्स्योद्योग राजा राज तिलक धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक सुनीता ढोके तथा समिति के सदस्य हरिओम, अवधेश, अज्जू, लक्ष्मण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

व्यापारियों के मुद्दों पर मुख्यमंत्री से मिले कैट प्रतिनिधि



नवभारत,जबलपुर। व्यापारियों से जुड़े मुद्दों और प्रदेश में व्यापार को सुगम बनाने को लेकर कैट के व्यापारी प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुख्यमंत्री निवास पर भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में व्यापारियों के हित में किए जा रहे कार्यों के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। इस दौरान व्यापार से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए व्यापारियों की समस्याओं के समाधान और कारोबार को और अधिक सुविधाजनक बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र जैन, चेयरमैन सुनील अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष जितेंद्र पचौरी और जबलपुर अध्यक्ष राजीव बडेरिया शामिल रहे। प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को कैट के प्रदेश स्तरीय भारतीय व्यापार मेला तथा नवंबर में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि सरकार व्यापारी वर्ग के हित में सकारात्मक रूप से कार्य करती रहेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।



यादव कॉलोनी में दिखेगी जिन्नातों की दुनिया

दुर्गाउत्सव समिति की अनूठी प्रस्तुति, रहस्य और रोमांच से भरपूर होगी झांकी

नवभारत, जबलपुर। श्री श्री दुर्गाउत्सव समिति, यादव कॉलोनी द्वारा इस वर्ष नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गोत्सव का आयोजन भव्य एवं आकर्षक रूप में किया जा रहा है। समिति अपने 33वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। इस वर्ष श्रद्धालुओं एवं शहरवासियों के लिए समिति द्वारा विशेष झांकी 'जिन्नातों की दुनिया' प्रस्तुत की जा रही है।

'जहाँ हर कदम पर छुपा है एक रहस्य...' की थीम पर आधारित यह झांकी रहस्य, रोमांच और कल्पनाओं की अनूठी दुनिया का अनुभव कराएगी। झांकी में आकर्षक साज-सज्जा, विशेष प्रकाश व्यवस्था एवं विभिन्न कलात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से एक रहस्यमयी संसार को जीवंत रूप देने का प्रयास किया गया है। समिति का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ शहरवासियों को मनोरंजन एवं रचनात्मकता से भरपूर अनुभव प्रदान करना है।

बच्चों से लेकर बड़ों के लिए आकर्षण का केन्द्र

समिति के अध्यक्ष रंजीत पटेल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कुछ नया और आकर्षक प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। इस वर्ष 'जिन्नातों की दुनिया' की थीम को विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। श्री श्री दुर्गाउत्सव समिति यादव कॉलोनी द्वारा नवरात्रि पर्व को श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाने की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

अयोध्या प्रसाद पटेल का निधन



पनागर। ग्राम सिगोद पनागर निवासी श्री अयोध्या प्रसाद पटेल 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप प्रेमचंद पटेल, हरिश्चन्द पटेल के पिता थे अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सिगोद में संपन्न हुआ ।

10 अक्टूबर को रानीताल खेल परिसर में सजेगी रंगों की छटा

निगमायुक्त ने आर्चरी और लॉन टेनिस में भी आजमाया हाथ

नवभारत,जबलपुर। विकसित भारत संकल्प सेवा यात्रा के अंतर्गत 10 अक्टूबर 2026 को रानीताल खेल परिसर में भव्य रंगोली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए



निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने आयोजन स्थल की साफ-सफाई, प्रतिभागियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी जरूरी प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि महोत्सव में आने वाले नागरिकों और प्रतिभागियों के लिए सभी सुविधाएं चाक-चौबंद रखी जाएं, ताकि कार्यक्रम गरिमामय और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। इस मौके पर निगमायुक्त ने स्वयं आर्चरी और लॉन टेनिस खेलकर खेलों का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त व्ही. एन. बाजपेयी, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, संभागीय यंत्री संदीप पाण्डेय, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक सौरभ तिवारी सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



राहुल गांधी की गिरफ्तारी पर जलाया पुतला

कटंगी में ब्लाक कांग्रेस का प्रदर्शन

बेलखाडू नवभारत 7 अक्टूबर। कांग्रेस के यूथ आइकन एवं देश की संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को चुनाव आयोग के खिलाफ आंदोलन के दौरान गिरफ्तार करने को लेकर कांग्रेस में आक्रोश व्याप्त हो गया।

कांग्रेसियों ने आज यहां रोष व्यक्त किया और पुतला फूंका। जिला कांग्रेस कमेटी के ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाडू अध्यक्ष अजीत परिहार के तत्वावधान आयोजित सभा में चुंगी नाका पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अजीत परिहार रिंकू तिवारी, विवेक यादव, अमन ममेरे, शुभम पटेल, हर्षित यादव, रमाकांत तिवारी, सौरभ नामदेव, सुन्नू पटेल सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता

पमरे में राजभाषा पखवाड़ा कार्यक्रम

पुरस्कारों से सम्मानित हुए रेलकर्मी



नवभारत,जबलपुर। पश्चिम मध्य रेलवे में 14 से 30 सितंबर तक आयोजित राजभाषा पखवाड़ा-2026 का समापन बुधवार को महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में राजभाषा पुरस्कार वितरण के साथ कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि हिंदी की सरलता, सहजता और समावेशी प्रकृति देश को एक सूत्र में जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों से दैनिक शासकीय कार्यों में अधिकाधिक हिंदी का प्रयोग करने का आह्वान किया। उत्कृष्ट राजभाषा कार्य के लिए सामान्य प्रशासन विभाग को अंतर विभागीय राजभाषा शील्ड, इंजीनियरिंग विभाग को अंतर विभागीय राजभाषा ट्रॉफी तथा सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना भोपाल को अंतर कारखाना राजभाषा शील्ड प्रदान की गई। इसके अलावा मुख्यालय, तीनों मंडलों, कारखानों और अन्य कार्यालयों के 25 अधिकारियों एवं 49 कर्मचारियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कवि सम्मेलन ने बांधा समा

समारोह में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष ने राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण कवि सम्मेलन रहा, जिसमें देवास के शशिकांत 'शशि', कटनी के मनोहर मनोज, बिलासपुर के प्रो. डॉ. राजेंद्र मौर्य, बालाघाट के राजेंद्र शुक्ला 'सहज', सागर के सचिन 'भारत', शामगढ़ की मुस्कान खान, भोपाल की संगीता 'सरल' और राकेश मालवीया 'प्रखर' ने गीत, हास्य-व्यंग्य और काव्य प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। प्रस्तुतियों पर सभागार में लगातार तालियां गूंजती रहीं। समारोह में अपर महाप्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता एकनाथ मोहकर सहित विभागाध्यक्ष, महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारी, पुरस्कार विजेता अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में रेलकर्मी मौजूद रहे।



प्रभु और गुरू की शरण से प्राणी का उत्थान

पनागर जैन मंदिर में चातुर्मास प्रवचन श्रृंखला का आयोजन

पनागर नवभारत 7 अक्टूबर। नगर में चातुर्मास कर रहे पूज्य मुनि श्री 108 संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज जी के परम शिष्य मुनि निर्दोष सागर ससंघ के सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक प्रभावना के कार्य संपादित हो रहे है।

आज धर्म सभा को संबोधित करते हुए मनुष्य पर्याय की दुर्लभता को समझाया। मुनि श्री ने कहा दिमाग सदैव ठंडा ,वाणी में मधुरता ,आंखों में लज्जा ,दिल में दया रखने, प्रभु और गुरु की शरण में रहने वाले प्राणी का शीघ्र ही उत्थान हो जाया करता है। वह जीव मोक्ष पद को निश्चित प्राप्त कर लेता है। प्रवचन के पूर्व भगवान श्री 1000 शांतिनाथ स्वामी जी का अभिषेक शांति धारा पूजन इत्यादि धार्मिक कार्यक्रम सानंद संपन्न हुए समस्त कार्यक्रम श्री जैन प्रबंध करनी सभा के उपाध्यक्ष संतोष जैन चौधरी कल्लू भैया एवं संचालन राहुल बड़कुल ने किया।